मध्यप्रदेश शासन
वन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

:: आदेश ::

भोपाल, दिनांक 23 / 11/2023

क्रमांक F-1/1/4/0077/2023/1-10 : विभाग के आदेश कमांक F-1/1/4/0035/2023/1-10, दिनांक 10.08.2023 द्वारा श्री प्रीतम कोल, वनरक्षक, बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व, उमरिया से प्रशासकीय दृष्टि से स्थानांतरण कर उत्तर सा. वनमण्डल शहडोल में पदस्थ किया गया।

2/ उक्त स्थानांतरण के संबंध में श्री रामनरेश प्रजापति, जिला महासचिव, म.प्र. अजाक्स संघ जिला उमरिया द्वारा पत्र दिनांक 17.08.2023 में लेख किया कि श्री प्रीतम कोल, वनरक्षक को दिनांक 07.03.2022 से अजाक्स संघ उमरिया के जिलाध्यक्ष पद नियुक्त किया गया है। वन विभाग के आदेश दिनांक 10.08.2023 द्वारा श्री प्रीतम कोल, वनरक्षक, बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व उमरिया से स्थानांतरित कर उत्तर सा. वनमण्डल शहडोल में पदस्थ किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार जिलाध्यक्ष पद पर पदस्थ पदाधिकारी का स्थानांतरण दूसरे जिले में नहीं किया जा सकता है। अतः श्री कोल का उक्त स्थानांतरण निरस्त करने का अनुरोध किया है।

3/ सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी स्थानांतरण नीति वर्ष 2021-22 की कंडिका 33 में प्रावधान किया गया है कि राज्य शासन से पत्राचार करने की मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों के प्रदेश/संभाग/जिला/तहसील/विकास खण्ड शाखा के पदाधिकारियों यथा-अध्यक्ष/सचिव/कोषाध्यक्ष को पद पर नियुक्ति उपरांत स्थानांतरण से दो पदावधि के लिये अर्थात 4 वर्ष तक की सामान्यतः छूट प्राप्त होगी। यह सुविधा उसके पूरे सेवाकाल में नियमानुसार दो पदावधि के लिये मिलेगी।

स्थानांतरण के संबंध में प्रस्तुत अभ्यावेदन एवं उक्त प्रावधान के अनुक्रम में राज्य शासन एतद्द्वारा वन विभाग के आदेश दिनांक 10.08.2023 द्वारा श्री प्रीतम कोल, वनरक्षक, बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व उमरिया से उत्तर सा. वनमण्डल शहडोल किया गया स्थानांतरण निरस्त करता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

23/11/23
(अशोक कुमार)
अपर सचिव
म.प्र. शासन, वन विभाग

अ.मु.व.सं. (सूचना प्रौद्योगिकी)
मध्य प्रदेश, भोपाल

Order 2023 H.S. Ahirwar

क्रमांक F-1/1/4/0077/2023/1-10 भोपाल, दिनांक 23 / 11 /2023

प्रतिलिपि :-

1. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री जी, म.प्र.शासन, मंत्रालय, भोपाल।
2. विशेष सहायक, मान. वनमंत्री जी मध्यप्रदेश शासन, भोपाल।
3. महालेखाकार, मध्यप्रदेश ग्वालियर।
4. प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख म0 प्र0, भोपाल।
5. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशासन-।।), भोपाल।
6. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (सूचना एवं प्रौद्योगिकी), वन भवन, भोपाल की ओर बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।
7. स्टाफ ऑफीसर, अपर मुख्य सचिव, म.प्र.शासन, वन विभाग।
8. संबंधित मुख्य वन संरक्षक/वनमण्लाधिकारी....................
9. संयुक्त संचालक, जनसंपर्क, म.प्र. मंत्रालय भोपाल।
10. संबंधित ....द्वारा अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशा.-।।) भोपाल।
11. गार्ड फाईल।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

23/11/23

अपर सचिव

म0प्र0 शासन, वन विभाग